## RE. REQUEST FOR CONFERRING BHARAT RATNA ON SHRI KANSHI RAM

**सुश्री मायावतीः** माननीय उपसभापति जी, मैं इसके अलावा एक बात और माननीय नेता सदन के सामने रखना चाहूंगी कि आज बामसेफ, डीएस-4 और बीएसपी के जन्मदाता, संस्थापक मान्यवर श्री कांशीराम जी की जयन्ती है, जिन्होंने पूरी जिन्दगी इस देश के दलितों, शोषितों, पीड़ितों व वंचितों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए समर्पित की। मेरी सरकार से यह रिक्वेस्ट है कि वह मान्यवर कांशीराम जी, जिन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अधूरे कारवां को मंजिल तक पहुंचाने के लिए इस देश के दबे, कुचले लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए अपनी पूरी जिन्दगी समर्पित की है, ऐसे महान व्यक्तित्व को 'भारत रत्न' की उपाधि से जरूर सम्मानित करे। ...(**व्यवधान**)...

SOME HON. MEMBERS: Yes, yes. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. All right. ...(*Interruptions*)... That's okay. ...(*Interruptions*)... If all of you stand up, what do I do? ...(*Interruptions*)...

---

## RE. MENANCE OF TAX EVASION AND MAKING BLACK MONEY IN THE NAME OF FARMERS — *Contd.*

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, जो मामला शरद जी ने उठाया है ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** राम गोपाल जी ।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** मैं एक बात यह कहना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** राम गोपाल जी, राम गोपाल जी....

**प्रो. राम गोपाल यादवः** आपको सावधानी बरतनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** राम गोपाल जी, प्लीज़।

**प्रो. राम गोपाल यादवः** हमें इस बात की आशंका है, जो मामला शरद जी ने उठाया है, इसके नाम पर किसानों पर इनकम टैक्स लगने की कहीं साज़िश प्रारंभ न हो जाए, इस तरह की कोई बात नहीं होनी चाहिए। जाने-अनजाने में लोग कभी कुछ ऐसी बातें कर देते हैं, जिनके दूरगामी परिणाम होते हैं। अगर यह बात बार-बार उठाई जाएगी किसानों के नाम पर बड़े पैमाने पर इनकम टैक्स बचाने की कोशिश की जा रही है, इसके मायने अल्टीमेटली गवर्नमेंट से लोग यह कहना चाहते हैं कि किसानों पर इनकम टैक्स लगे। मैं इसका विरोध करता हूं और गवर्नमेंट को सावधान करता हूं कि इस तरह का कोई एक्शन नहीं होना चाहिए, जिससे किसानों पर कोई टैक्स लगे। ...(**व्यवधान**)....

**श्री शरद यादवः** सरकार इस मामले में अपनी बात रखने का काम करे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अली अनवर अंसारी** (बिहार): इसका क्या उपाय है? ...(**व्यवधान**)...